# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 अक्टूबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर में पांच सौ पचास करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा–नैमिषारण्य में कनेक्टिविटी सुविधाएं बढ़ाने के लिये जल्द इलेक्ट्रिक बसों का किया जायेगा संचालन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जयंती से पहले कल महास्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की सीतापुर जिले के नैमिषारण्य से की शुरूआत ।
- राज्य में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद हुई शुरु : सरकार ने सामान्य धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार एक सौ तिरासी प्रति कुन्तल किया निर्धारित।

**और**

- प्रदेश भर में आज मनायी जा रही है राष्टपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती। आयोजित किये जा रहे विविध कार्यक्रम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सीतापुर जिले में पांच सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार की पारदर्शी और विकासोन्मुखी नीतियों से प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नैमिषारण्य के विकास के लिये सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास जिस तरह से होना चाहिये था, वह नहीं हुआ। हालांकि पिछले छह सालों के दौरान मौजूदा सरकार ने इस ओर विशेष ध्यान दिया है, जिससे यह तीर्थ स्वच्छ और सुन्दर हो गया है। श्री योगी ने कहा कि सीतापुर जिले विशेषकर नैमिषारण में कनेक्टिविटी सुविधा देने के क्रम में जल्द ही इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जायेगी, जिससे नैमिषारण्य को लखनऊ और दिल्ली नगरों से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी वर्गो के कल्याण के लिये बगैर किसी भेदभाव के काम कर रही है।

***बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का परिणाम ये है कि आज विकास की बड़ी–बड़ी योजनाएं यहां पर आ रही है। हमने यहां पर व्यवस्था करवा दी है।***

***अब लखनऊ से नैमिष की कनेक्टिविटी सामान्य बस से नहीं टैक्सी से नहीं इलेक्ट्रिक बस से होगी। इलेक्ट्रिक बस की सेवा सीधे लखनऊ और नैमिष को जोड़ेंगी। कुछ ही दिनों बाद नैमिषारण्य को हम हेलिकाप्टर की सेवा के साथ भी जोड़ने वाले हैं और जिस दिन डबल इंजन की सरकार के द्वारा स्वीकृत यहां की कार्य योजना जमीनी धरातल पर उतरेगी। एक यहां पर कार्य हो रहा है, यहां के व्यापारियों को, यहां के पुजारियों को, यहां पर कार्य करने वाले पंडे, माली होंगे अन्य स्वच्छता कर्मी होंगे। इन सबकी पुनर्वास की पूरी व्यवस्था होगी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वह फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शारीरिक सौष्ठव बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। श्री मोदी ने कहा कि धीरे–धीरे देश में स्वच्छता के प्रति लिये लोगों की रूचि बढ़ रही है।

स्वच्छता के लिए 'एक तारीख–एक घंटा–एक साथ' के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर कल देश भर में लोगों ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज सुबह दस बजे स्वच्छता अभियान के लिए नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। पिछले मन की बात कार्यक्रम में भी, प्रधानमंत्री ने आज के स्वच्छता अभियान में भागीदारी के लिए लोगों से समय निकालने का आह्वान किया था। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाज़ार परिसरों, रेल–पटरियों, जलाशयों, पर्यटन और पूजा–स्थलों सहित सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। अभियान में देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग सात लाख स्थलों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने स्वच्छता महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से आज देश में महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति मिली हैं।

प्रदेश में कल स्वच्छता अभियान का नेतृत्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने सीतापुर जिले के नैमिषारण्य में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की। इस दौरान श्री योगी ने मां ललितादेवी मंदिर परिसर में झाडू लगाई और संतों से मुलाकात की। अभियान के शुभारम्भ में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता सभी की पहली जिम्मेदारी है और भक्ति की शुरूआत भी स्वच्छता से होती है। उन्होंने लोगों से धार्मिक स्थलों पर

पॉलिथिन का प्रयोग न करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जयंती से पहले उत्तर प्रदेश में ग्रामीण इलाकों में ओडीएफ प्लस का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उधर, लखनऊ स्थित राजभवन में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के साथ राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोगों से अपने परिसरों और दफ्तरों के साफ रखने का आह्वान किया।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में स्वच्छता अभियान में भाग लिया और चन्दौली में केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ0 महेन्द्रनाथ पाण्डेय की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद में शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन पार्क में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। राज्य के शहरी विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ आगरा में स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग लिया।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने अभियान के तहत हमारा स्वच्छ सचिवालय अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधान भवन के अन्दर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे। कानपुर नगर में राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने कटरी शंकरपुर सराय में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। वाराणसी में बनारस रेलवे स्टेशन पर स्थानीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने झाड़ू और फावड़ा चलाकर परिसर को पूरी तरह साफ किया। नगर में दशाश्वमेघ घाट, राजेन्द्र घाट में भी वृहद सफाई अभियान चलाया गया।

**********

राज्य में कल से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर धान की ख़रीद शुरू हो गई है। पश्चिमी जिलों में इकतीस जनवरी दो हजार चौबीस तक सरकारी क्रय केंद्रों में धान की खरीद की जाएगी। पूर्वांचल में एक नवंबर से फरवरी के अंत तक धान की खरीद होगी। सरकार ने इस साल सामान्य धान की एमएसपी दो हजार एक सौ तिरासी रूपए प्रति कुंतल और ग्रेड–ए धान की एमएमपी दो हजार दो सौ तीन रूपए घोषित की है। धान की बिक्री के लिए किसानों को वेबसाइट–एफसीएस डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन और मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण कराना जरूरी है।

**********

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर लोग उनकी प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहे हैं। कई स्थानों पर बापू के प्रिय भजनों के गायन के कार्यक्रम आयोजित किए गये हैं। प्रदेश भर के गांधी आश्रमों में आज विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए गये हैं। स्कूलों में भी गांधी जयंती के अवसर पर विविध आयोजनों को रूपरेखा तैयार की गई है। आज ही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की भी जयंती मनायी जा रही है। विभिन्न स्थानों पर लोग उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहे हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है।

**********

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी और अकेले चुनाव लड़ेगी। वह कल लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं।

**********

गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घने बादल छाये रहने से और कुछ स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक बादलों के छाये रहने और कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

**********